# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली



## द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

# भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020

# Indian Knowledge System & NEP-2020

### दिनांक 28-29 मार्च, 2022

## शिक्षापीठ एवं शिक्षण अधिगम केन्द्र

## शिक्षापीठ परिचय (About School of Education)

शिक्षापीठ श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का एक प्रमुख पीठ है। पीठ का लक्ष्य संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षण अधिगम प्रणालियों में सामर्थ्य विकसित करने हेतु प्रतिबद्ध, कुशल एवं आत्मविश्वास युक्त शिक्षक एवं अध्यापक शिक्षक तैयार करना है। इस प्रयोजन की सम्प्राप्ति हेतु पीठ का मुख्य ध्येय संस्कृत शिक्षणशास्त्र पर केन्द्रित शिक्षण अधिगम प्रणालियों का प्रभावी नियोजन, अभिकल्पन एवं क्रियान्वयन, नवाचारी कार्यक्रमों को संवर्धित करना तथा अन्तर्विद्यापरक शोध् उपागमों की प्रयोज्यता एवं उपादेयता सुनिश्चित करना है। पीठ द्वारा शिक्षाशास्त्री (बी. एड.), शिक्षाचार्य (एम. एड.) विशिष्टाचार्य (एम. फिल) एवं विद्यावारिधि (पी.एच.डी.) पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता है। शिक्षाशास्त्री (बी. एड.) एवं शिक्षाचार्य (एम. एड.) पाठ्यक्रम NCTE अधिनियम 2014 एवं NEP-2020 के अनुरूप हैं। विद्यावारिधि् (पी.एच.डी.) पाठ्यक्रम का षडमासिक कोर्सवर्क यू. जी. सी.-2016 के अधिनियमानुसार आयोजित किया जाता है।

## केन्द्र परिचय (About TLC)

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली के शिक्षण अधिगम केन्द्र की स्थापना **शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार** की **पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना** (PMMMNMTT) के पाठ्यचर्या एवं शिक्षणशास्त्र हेतु उत्कृष्टता केन्द्र के घटक के अन्तर्गत हुई है। यह योजना शिक्षा के सभी स्तरों में गुणात्मक सुधार करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य भाषा शिक्षा विशेषकर संस्कृत से जुड़े अध्यापक एवं अध्यापक शिक्षको में शिक्षण एवं अधिगम प्रणालियों के अभिकल्पन, विकास, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन हेतु कौशल एवं कुशलताओं का विकास करना है। **भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र को उच्च शिक्षा के नवनियुक्त अध्यापकों हेतु एक मासिक अनिवार्य संकाय अनुबोधन कार्यक्रम (FIP) के संचालन हेतु जारी 30 नये केन्द्रों की सूची में चिह्नित किया गया तथा उसे संस्कृत विषय में SWAYAM मंच के माध्यम से Annual Refresher Program in Teaching (ARPIT – 2018, 2019 व 2020 कोर्स) के निर्माण हेतु राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र (NRC) के रूप में भी अधिसूचित किया गया। इसके साथ केन्द्र द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर संस्कृत शिक्षण हेतु दो संदर्शिकाओ का प्रकाशन किया गया है। अभी तक केन्द्र द्वारा 47 कार्यक्रम एवं 3 संकाय अनुबोधन कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा चुका है।**

## संगोष्ठी सन्दर्भ (About the Seminar)

यह सर्वविदित है कि किसी भी राष्ट्र के विकास में 'शिक्षा' की अहम् भूमिका होती है। इसीलिए राष्ट्र की आवश्यकताओं, आकांक्षाओं एवं भविष्य उन्मुख चुनौतियों का सामना करने हेतु शिक्षा नीतियाँ बनाई जाती है। इन्हीं अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु 21वीं सदी की प्रथम शिक्षा नीति जुलाई, 2020 राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 राष्ट्र को समर्पित की गई। यह नीति भारत की ज्ञान परम्परा और सांस्कृतिक मूल्यों की संकल्पना पर आधारित है। नीति के निर्देशक सिद्धांत बुनियादी एवं उच्चतर संज्ञानात्मक क्षमताओं के साथ व्यक्ति के नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर भी विशेष बल देते है। प्राचीन भारत में शिक्षा का उद्देश्य आत्म ज्ञान एवं आत्म सिद्धि को प्राप्त करने के रूप में माना गया। इस शिक्षा व्यवस्था ने जहाँ एक ओर तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला जैसे विश्व स्तरीय संस्थानों के द्वारा विविध विषयों में शिक्षण एवं शोध के उच्च प्रतिमान स्थापित किये वहाँ दूसरी ओर चरक, आर्यभट्ट, चाणक्य, पाणिनि, पतंजलि आदि जैसे विद्वानों को जन्म दिया जिन्होंने वैश्विक स्तर पर ज्ञान के विविध क्षेत्रों में अपना मौलिक योगदान दिया। अतः भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं उसमें निहित विविध ज्ञान क्षेत्रों को जानना एवं समझना शिक्षा के सभी स्तरों एवं विषयों के शिक्षकों के लिये अपेक्षित है। इस सन्दर्भ में द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन इस आशय से किया जा रहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली में निहित विविध विषयों यथा- दर्शन, मनोविज्ञान, प्रबंधन, नेतृत्व, योग आदि की वर्तमान शिक्षा प्रणाली में प्रासंगिकता सम्बन्धित अंतर्दृष्टि विकसित की जा सके।

## उद्देश्य (Objectives)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में :

- भारतीय ज्ञान प्रणाली में निहित दर्शन, मनोविज्ञान, प्रबंधन एवं नेतृत्व में सम्प्रत्यात्मक अवबोध एवं अंतर्दृष्टि का विकास करना।
- स्वास्थ्य एवं योग शिक्षा की वर्तमान शिक्षा प्रणाली में प्रासंगिकता का निरूपण करना।
- भारतीय ज्ञान प्रणाली आधारित नवाचारिक अभ्यासों में अंतर्दृष्टि प्राप्त करना।

## उप-विषय (Sub-Themes)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में :

- भारतीय दर्शन (Indian Philosophy)
- भारतीय मनोविज्ञान (Indian Psychology)
- मूल्य शिक्षा एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली (Value Education & Indian Knowledge System)
- भारतीय ज्ञान प्रणाली में नेतृत्व एवं प्रबंधन (Leadership & Management in Indian Knowledge System)
- स्वास्थ्य एवं योग शिक्षा (Health & Yoga Education)
- भारतीय ज्ञान प्रणाली आधारित नवाचारिक अभ्यास (Innovative Practices based on Indian Knowledge System)

## पंजीकरण (Registration)

संगोष्ठी हेतु पंजीकरण ऑनलाइन स्वीकार्य होगा। पंजीकरण शुल्क **शिक्षकों हेतु रू- 200/-** तथा **शोधछात्रों हेतु रू-100/-** निर्धारित है। इच्छुक प्रतिभागी सर्वप्रथम यू.पी.आई. आई. डी./पेटीएम **8287380767@paytm** पर अपना निर्धारित शुल्क जमा कर गूगल प्रपत्र लिंक **https://forms.gle/bdVDdTMKd3W1sxGv5** के माध्यम से जमा कर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें। पत्र का टंकन अंग्रेजी में font-TimesNewRoman (font size-12) या हिन्दी में font-Walkman-Chanakya905 or krutiDev (font size-14) करे तथा इनकी अधिकतम शब्द सीमा क्रमशः 2500 है। पत्र की सॉफ्टकॉपी गूगल प्रपत्र में संलग्न करें तथा हार्ड कॉपी संगोष्ठी दिवस में लेकर उपस्थित हों। सह-लेखन वाले पत्रों में मुख्य लेखक एवं प्रस्तुतकर्ता के नामों का उल्लेख आवश्यक है। **पंजीकृत प्रतिभागियों को ही प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। आवास एवं यातायात की व्यवस्था प्रतिभागी द्वारा स्वयं की जाएगी।**

| | |
|---|---|
| **प्रपत्र सहित पंजीकरण की अंतिम तिथि** | **23 मार्च, 2022** |
| **प्रतिभाग हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि** | **27 मार्च, 2022** |
| **चयनित पत्रों की प्रतिभागियों को सूचना** | **24 मार्च, 2022** |

**संरक्षक**
**प्रो. मुरलीमनोहर पाठक**
कुलपति

**समन्वयक**
**प्रो. सदन सिंह**
पीठाध्यक्ष

**संयोजक**
**प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज**
निदेशक, शिक्षण अधिगम केन्द्र

## कार्यक्रम अनुसूची

**प्रथम दिवस, 28 मार्च, 2022 (सोमवार)**

| | |
|---|---|
| उद्घाटन - | 10:30 am – 11:30 am |
| प्लेनरी सत्र-I - | 12:00 pm – 01:00 pm |
| तकनीकी सत्र-I - | 02:00 pm – 03:00 pm |
| तकनीकी सत्र-II - | 03:30 pm – 04:30 pm |

**द्वितीय दिवस, 29 मार्च, 2022 (मंगलवार)**

| | |
|---|---|
| प्लेनरी सत्र -II - | 10:30 am – 11:30 am |
| प्लेनरी सत्र -III - | 12:00 pm – 01:00 pm |
| तकनीकी सत्र-III- | 02:00 pm – 03:00 pm |
| समापन सत्र - | 03:30 pm – 04:30 pm |
| प्रमाण पत्र वितरण - | 04:30 pm |

| परामर्श दात्री समिति | आयोजन मंडल | संगोष्ठी सुगमकर्ता |
|---|---|---|
| प्रो. आर.पी. पाठक, प्रो. के. भरतभूषण, प्रो. रचना वर्मा मोहन, प्रो. विमलेश शर्मा, प्रो. मीनाक्षी मिश्र एवं प्रो. एम्. जयकृष्णन | डॉ. सुरेन्द्र महतो, डॉ. सविता राय, डॉ. तमन्ना कौशल, डॉ. प्रेम सिंह सिकरवार एवं डॉ. जितेन्द्र कुमार | श्री सुदामा राम, श्री सुरेन्द्र नगर, श्री अक्षत डबराल एवं श्री सचिन कुमार |

**आयोजक**

# शिक्षापीठ एवं शिक्षण अधिगम केन्द्र

सम्पर्क सूत्र -
दूरभाष : 011- 46060636, 687, 696, 9891777666, 9716692396, 8285513959
ई-मेल: education@slbsrsv.ac.in, tlc@slbsrsv.ac.in वेबसाइट: www.slbsrsv.ac.in